





नवभारत 03
इंदौर, गुरूवार, 2 अक्टूबर, 2025

## एक नजर में

### आज से शुरू होगा "दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान"

**ग्राम सभाओं में किसानो और पशुपालकों को दी जाएगी जानकारी**

**खंडवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप प्रदेश के किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान प्रारंभ किया है। यह अभियान 2 अक्टूबर से शुरू होगा। इस अभियान के अंतर्गत पशुपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा गाँव-गाँव में पशुपालकों से व्यक्तिश: सम्पर्क किया जायेगा और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जागरूक किये जाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने उपसंचालक पशु चिकित्सा और ग्रामीण विकास के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओ में इस अभियान के बारे मे ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दें। उन्होंने पशुपालकों से अपील की है कि वे इस अभियान का पूरा-पूरा लाभ लें। इस अभियान के अंतर्गत जब पशु चिकित्सा अधिकारी या मैत्री उनके घर आएं, तब पशुपालन के संबंध में उनकी जो भी समस्या हो उन्हें बताएं और उसका समाधान प्राप्त करें। पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक ने बताया कि दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान 3 चरणों में चलाया जायेगा। इसकी शुरूआत 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं से की जायेगी। अभियान का प्रथम चरण 9 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान में 10 या 10 से अधिक गो-वंश रखने वाले पशुपालकों से व्यक्तिश: सम्पर्क किया जायेगा। सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी/मैत्री द्वारा पशुपालकों से गृह भेंट की जायेगी और उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में जागरूक किया जायेगा। साथ ही पशुओं में टैग लगाने संबंधी जानकारी भी एकत्र की जायेगी। इस कार्य के लिये मैत्री को प्रति पशुपालक 5 रुपये का मानदेय भी दिया जायेगा। दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के द्वितीय चरण में 5 या अधिक गो-वंश रखने वाले पशुपालकों और तीसरे चरण में 5 या कम गो-वंश रखने वाले पशुपालकों से सम्पर्क किया जायेगा। अभियान का उद्देश्य गोवंश का समुचित पालन पोषण और दुग्ध उत्पादन को अधिक से अधिक बढ़ाना है।

### सुरक्षा के बारे में जानकारी दी





**मून्दी।** सरस्वती शिशु मंदिर की राजेश्री शर्मा प्रधानाचार्य ने कन्या का महत्व बताया एवं बेटी सुरक्षा के बारे में भी जानकारी दी दुर्गा के नौ रूपों के बारे में भी बताया विद्यालय की सभी दीदी मैं भी अपने-अपने विचार रखें। प्रियंकागार्गव, आरती पवार, पूनम दीदी, महिमा आयुषी साक्षी, प्रियंका सभी उपस्थित थे।

### किशोर नगर में रंगबिरंगी आतिशबाजी एवं जयकारों के बीच हुई महाकाकडा आरती, लगाया 56 भोग



**खंडवा।** किशोर नगर हनुमान वाटिका स्थित मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर में किशोर नगर रहवासी संघ, नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा मुख्य पूजारी पं. मनोज उपाध्याय के दिशानिर्देश में शारदीय नवरात्र उत्सव के दौरान अष्टमी पर माता को 56 भोग लगाया जाकर महाकाकडा आरती का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए संघ प्रवक्ता निर्मल मंगवानी एवं आशीष अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, खंडवा विधायक प्रतिनिधि मुकेश तन्वे, रितेश गोयल, पूर्व अध्यक्ष सेवादास पटेल, संघ अध्यक्ष पं प्रेमनारायण तिवारी, उत्सव समिति अध्यक्ष सोहन मालवीय, आरके चौरे एवं अशोक ओझा आदि सहित अनेक गणमान्यजनों की मौजूदगी में महा काकड़ा आरती एवं छप्पन भोग का आयोजन किया गया। श्री तन्वे ने अपने उद्बोधन के दौरान आरती में उपस्थित क्षेत्रवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि हमें धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ही राष्ट्रीय हित के सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर एक सच्चे भारतीय होने का परिचय देना चाहिए। गगनभेदी रंगबिरंगी आतिशबाजी एवं जयकारों के बीच माताजी की पांच आरतियों की संगीतमय प्रस्तुतियां पं. मनोज उपाध्याय द्वारा दी गई। वही इस मौके पर नौ दिनों तक प्रति रात्रि क्षेत्र की नन्ने मुन्ने बालक बालिकाओं एवं मातृशक्ति द्वारा सुंदर आकर्षक गरबों की प्रस्तुतियां दी गयी। इस अवसर पर किशोर नगर रहवासी संघ, उत्सव समिति, किशोर नगर महिला मंडल, रिद्धि सिद्धि महिला मंडल की बहनों आदि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 23 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई**

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में त्योहारों के मद्देनजर 18 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 11 प्रकरणों में 11 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 07 प्रकरण मे 07 अनावेदक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में कुल 10 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में त्योहारों के मद्देनजर 08 जमानती वारंट, 12 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना मूंदी के आरोपी धनसिंह पिता भलाजी कलम जाति कोरकु उम्र 35 साल निवासी दिनकरपुरा के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 900 रूपये की जप्त की गई/- रुपये की जप्त की गई। थाना मांधाता के आरोपी जितेन्द्र पिता तुलसीराम बोरकरे जाति भील उम्र 33 साल नि. आंगनवाडी के पास कैलाश खो ओंकारेश्वर से 16 क्वार्टर देशी मदिरा प्लेन के कुल शराब 2 लीटर 880 कीमती 1120/-रुपये की जप्त की गई। आरोपी गोविंद पिता गंजु मानकर उम्र 40 साल निवासी ग्राम जिल्हार गविंद द्वारा हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 8 लीटर किमती 800 रुपये की अवैध बेचते पाया गया। उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 23 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 8900/- रुपये वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

# दुर्गा नवमीं के दिन सभी के कल्याण के लिए हवन पूजन कर कराया कन्या भोज

नवभारत न्यूज

**खंडवा। काफी वर्षो से भगतसिंह वार्ड में जैन परिवार द्वारा मां अन्नपूर्णा के मंदिर में नवरात्रि के दौरान घट स्थापना होती है। घट स्थापना के साथ पंडित कमलेश मारकण्डेय द्वारा नित मां की आराधना के साथ पूजा अर्चना एवं आरती की जाती है। नौ दिनों तक जैन परिवार भी पूरी तरह इस आराधना में शामिल होता है। नवरात्रि के समापन पर आज नवमीं के दिन माताजी की पूजा अर्चना के साथ यज्ञ का आयोजन संपन्न हुआ।**



समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि रावका व गदिया परिवार के पूर्वज जो कि राजस्थान मारवाड़ से आए थे, लगभग सौ से भी अधिक वर्ष पूर्व यहां पर मां अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति की स्थापना की गई थी जिसकी पूजा-अर्चना जैन परिवार द्वारा की जा रही है

हवन यज्ञ के अवसर पर पंडित कमलेश मारकंडे ने कहा कि संसार की उत्पत्ति यज्ञ से हुई है, यज्ञ कर्म से होता है, इस कर्म को मनुष्य करता है, मनुष्य की उत्पत्ति अन्न से हुई है, अन्न की उत्पत्ति जल से होती है और जल की उत्पत्ति यज्ञ से होती है। यज्ञ भगवान का अंग है, इस यज्ञ को करने से भगवान नारायण को शक्ति प्राप्त होती है। माता दुर्गा निष्ठा की माया है, माया से संसार बंधन में रहता है अपने कर्म सीमाओं में कार्य करता है अधिक माया होने पर मनुष्य भटक जाता है, पापों का नाश करने एवं सभी के कल्याण के लिए हवन यज्ञ किए जाते है।

दुर्गा नवमी पर आयोजित हवन पूजन के कार्यक्रम में जैन परिवार के पवन रावका, दीपक रावका, कचरूलाल जैन, अजीत रावका, महावीर जैन, प्रदीप रावका, सुनील गदीया जैन, संजय गदीया, अमित गोलू रावका, अर्पिता सुदीप रावका, वेदिका गौरव रावका, अमन अजय रावका आदि भक्तों ने नवमीं के दिन माता की पूजा-अर्चना व आरती करते हुए हवन में भाग लिया। इस अवसर पर कन्या पूजन एवं भोज का भी आयोजन किया गया।

## सिंधी समाज दशहरा उत्सव समिति द्वारा 61 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन



नवभारत न्यूज

**खंडवा। सिंधी समाज दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी विजयादशमी पर्व पर दशहरा मिलन और रावण दहन का परंपरागत आयोजन होगा। दो अक्टूबर गुरुवार शाम 7.00 बजे से रावण दहन का रंगारंग कार्यक्रम भव्य आतिशबाजी के साथ होगा।**

दशहरा उत्सव समिति के प्रवक्ता कमल नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परंपरा विगत 73 वर्षों से निरंतर जारी है। सिंधी समाज द्वारा शहर का सबसे पुराना और भव्य पारिवारिक आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इस वर्ष गुरुवार शाम 7.00 बजे से नेहरू स्कूल ग्राउंड में यह कार्यक्रम होगा, जिसमें स्थानीय सांसद, महापौर, विधायक सहित विभिन्न समाजसेवी गणमान्य जन अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इस वर्ष 61 फिट का पुतला स्थानीय कलाकारों नरेंद्र सांवले और उनके पुत्र कुणाल सांवले और कपिल सांवले द्वारा निर्मित किया गया है। इस बार बारिश से बचाव के लिए वॉटर प्रूफ रंगों का उपयोग किया गया है। रावण की 3 डी मूंछें आकर्षण का केंद्र रहेगी। वही लगभग दो घंटे तक चलने वाली आतिशबाजी के कलाकारों द्वारा रंगारंग गगनभेदी आतिशबाजी का कार्यक्रम होगा।

सिंधी समाज दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष गेहीराम सीतलानी, कार्यकारी अध्यक्ष मोहन दीवान, सचिव मनोहरलाल संतवानी और कोषाध्यक्ष किशोर लालवानी सहित समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने खंडवा की जनता से कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## बैठक में किसानों और जनप्रतिनिधियों को "भावांतर योजना" के बारे में बताया

नवभारत न्यूज

**खंडवा। प्रदेश सरकार ने सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावांतर भुगतान योजना लागू की है। इस योजना के लिए किसानों के पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक होंगे तथा सोयाबीन विक्रय अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर उन्हें भावांतर भुगतान योजना के बारे में जानकारी दी।**



कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में बताया कि भावांतर भुगतान योजना के लिए किसानों के पंजीयन की कार्यवाही 3 अक्टूबर से शुरू हो रही हैं। उन्होंने सभी किसान संगठनों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि अधिक से अधिक किसानों तक भावांतर योजना के पंजीयन की तिथि की जानकारी पहुंचाएं, ताकि अधिकाधिक सोयाबीन उत्पादक किसान अपना पंजीयन करवा सकें। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा सोयाबीन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 5328 रुपए घोषित किया गया है। अगर एमएसपी से कम कीमत पर सोयाबीन बिकता है तो किसानों के घाटे की भरपाई भावान्तर योजना के तहत सरकार द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य और राज्य के मंडी के मॉडल भाव/विक्रय मूल्य के अन्तर की राशि सरकार सीधे किसानों के आधार नंबर से जुड़े खातों में जमा कराएगी। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभा में भावांतर योजना की जानकारी किसानों को दी जाएगी।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में बताया कि सभी मंडियों में किसानो की सुविधा के लिए भावांतर हेल्प डेस्क स्थापित किये जायेंगे तथा प्रत्येक मंडी हेतु एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि भावांतर योजना के दुरूपयोग को रोकने हेतु व्यापारियों के स्टॉक की उपलब्ध रियल टाइम जानकारी का समय समय पर सत्यापन कराया जाएगा। मंडियों में सोयाबीन के मॉडल रेट की सतत निगरानी की जाएगी, जिससे कि रेट में अनावश्यक गिरावट न हो।

बैठक में मांधाता विधायक नारायण पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा और उपसंचालक कृषि नितेश यादव सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## सीवी रमन विश्वविद्यालय में यंग थिंकर्स कॉन्फ्लुएंस पर संवाद

नवभारत न्यूज

**खंडवा। डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय, में यंग थिंकर्स फोरम के अंतर्गत एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता फोरम की समन्वयक जाह्नवी चौहान रहीं। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अरुण जोशी ने की।**

### यंग थिंकर्स कॉन्फ्लुएंस

मुख्य अतिथि जाह्नवी चौहान ने फोरम का परिचय देते हुए इसके उद्देश्यों की जानकारी साझा की। फोरम द्वारा 10 से 12 अक्टूबर आयोजित होने वाले कॉन्फ्लुएंस के लिए युवा www.youngthinkersforum.com पर पंजीयन कर सकते हैं।

### सशक्त युवा देश की जरूरत

उन्होंने बताया कि फोरम का प्रमुख उद्देश्य बौद्धिक और वैचारिक आधार पर सशक्त युवाओं का निर्माण करना है, ताकि वे समाज और राष्ट्र के योग्य नागरिक बन सकें। इस कड़ी में सांस्कृतिक, शैक्षिक और वैचारिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। वीर सावरकर के 'चैतन्य राष्ट्र' की अवधारणा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र की धड़कन उसकी संस्कृति होती है, और युवा वर्ग के भौतिक एवं वैचारिक विकास के लिए फोरम निरंतर कार्यरत है।



### हम बौद्धिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के पक्षधर

कुलगुरु डॉ. अरुण जोशी ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ नवाचार और बौद्धिक गतिविधियों को सदैव बढ़ावा देता आया है। यंग थिंकर्स फोरम के माध्यम से इन प्रयासों में और भी संभावनाएं विकसित होंगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का ध्येय सदैव गुणवत्ता और गतिशीलता के संतुलन को बनाए रखना रहा है। विश्वविद्यालय के डॉ. रोहन कुशवाहा, सी.डी.पी.ओ. नेहा शुक्ला, डीन डॉ. योगेश महाजन सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्री नीलकंठ गोलमोल बाबा दशहरा उत्सव समिति द्वारा एसएन कॉलेज ग्राउंड पर होगा रावण दहन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नगर में बड़ी भक्ति भाव के साथ नवरात्रि पर्व धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। मंगलवार को मंदिरों में दुर्गा अष्टमी पर रात्रि में महाआरती का आयोजन हुआ वही दुर्गा नवमी पर हवन पूजन और कन्या भोज का आयोजन हुआ। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि 2 अक्टूबर गुरुवार विजयादशमी के पावन अवसर पर शहर के कई स्थानों पर रात्रि में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित होगा।

मुख्य रूप से गोलमाल बाबा एसएन कॉलेज ग्राउंड, दुध तलाई नेहरू स्कूल ग्राउंड, नवचंडी धाम मेला क्षेत्र, स्टेडियम ग्राउंड, भवानी माता मंदिर प्रांगण सहित अन्य स्थानों पर रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित होगा। रावण दहन के पश्चात लोग एक दूसरे को दशहरे की शुभकामना देंगे। विगत 61 वर्ष से गोलमाल बाबा दशहरा उत्सव समिति के माध्यम से रावण दहन कार्यक्रम आतिशबाजी के साथ किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद बलराम वर्मा ने बताया कि 2 अक्टूबर विजयादशमी के अवसर पर गोलमाल बाबा राम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचेंगे। वहीं प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी एसएन कॉलेज ग्राउंड पर बुरहानपुर के अश्विनी चौहान और हरदा के मूसा भाई के द्वारा आतिशबाजी का भव्य मुकाबला रावण दहन के पूर्व होगा। जीतने वाले को ?11000 का नगद इनाम और सम्मान भी किया जाएगा। अध्यक्ष बलराम वर्मा ने बताया कि इस वर्ष रावण 71 फीट मेघनाथ, कुंभकरण, के पुतले 21-21 फीट के होंगें। गोलमोल बाबा राम मंदिर काफी प्राचीन मंदिर है जहां भगवान भोलेनाथ के साथ मां दुर्गा के साथ ही भगवान श्री राम हनुमान जी की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। इसलिए यहां दशहरे का महत्व सबसे अलग माना जाता है। गोलमोल बाबा मंदिर में खंडवा शहर के हजारों श्रद्धालु और माता बहने परिवार के साथ यहां पर दर्शन कर सोना चांदी चढ़ाते हैं।

सुनील जैन ने बताया कि एस एन कॉलेज ग्राउंड पर गोलमाल बाबा दशहरा उत्सव समिति द्वारा रावण दहन रात्रि 9.15 पर होगा। इसके पूर्व भव्य आतिशबाजी का आयोजन होगा।

रावण दहन के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के साथ अतिथि के रूप में विधायक कंचन मुकेश तनवे, महापौर अमृता अमर यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम पाल सिंह, शहर अध्यक्ष कांग्रेस नेत्री प्रतिभा रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, भाजपा नेता परमजीत सिंह नारंग, पार्षद ज्योति कन्हैयावर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित होंगे।

**धर्म-कर्म** | संत सिंगाजी समाधि स्थल पर 10 दिनी लगेगा मेला, मुख्य दिवस 6 अक्टूबर को मनाएंगे

# संत सिंगाजी मेला आज से, शरद पूर्णिमा पर चढ़ेंगे राजघराने के निशान

नवभारत न्यूज

**बीड़। निमाड़ की आस्था के प्रतीक निर्गुणी संत सिंगाजी महाराज की समाधि स्थल पर सिंगाजी मेले का आयोजन विजयादशमी यानी गुरुवार से लगेगा। इस साल 10 दिनी सिंगाजी मेले का मुख्य दिवस शरद पूर्णिमा यानी 6 अक्टूबर को मनाया जाएगा।**

निमाड़ की आस्था के प्रतीक निर्गुणी संत सिंगाजी महाराज की समाधि के 466वें वर्ष में 10 दिनी सिंगाजी मेला 1 अक्टूबर से मनाया जा रहा है। समापन 12 अक्टूबर को होगा।

मेला का मुख्य दिवस 6 अक्टूबर को मनाया जाएगा। शाम को हरसूद जनपद द्वारा आतिशबाजी की जाएगी। उत्कर्ष दुकानदारों के साथ कार्य वालों को पुरस्कृत दिए जाएंगे। गवली समाज के लोग सिंगाजी महाराज को मानते हैं।



### पैदल हजारों निशान लाए जाएंगे

हजारों की संख्या में निशान भी चढ़ाए जाते हैं। सिंगाजी महाराज का मुख्य दिवस शरद पूर्णिमा के दिन रहेगा, इस दिन राजघराने के निशान चढ़ाई जाएंगे। मेले में हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे।

### दुकानें लगना शुरू

### बिजली व्यवस्था जारी

सिंगाजी मेले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कुछ व्यवस्था की जा रही है। यहां पर दुकानदारों ने दुकानें लगाना शुरू कर दी है। जनपद पंचायत हरसूद द्वारा पार्किंग और बिजली के टेंडर भी हो गए हैं।

### स्नान के घाट पर चेंजिंग रूम नहीं

संत सिंगाजी भक्तों को मेले के दौरान काफी परेशानी उठानी पड़ती है। क्योंकि इस सीजन में छुटपुट बारिश होती है। इससे भक्तों को ठहरने में परेशानी होती है। उधर, स्नान के घाट पर चेंजिंग रूम नहीं है, ऐसे में महिलाओं को स्नान के बाद कपड़े बदलने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।